अध्याय 14

Women trained by Singareni Sewa Samithi in Embroidery

महिलाओं का सशक्तिकरण

महिलाओं का सशक्तिकरण

कोल इंडिया लिमिटेड

महिला सशक्तिकरण

दिनांक 01.12.2019 की स्थिति के अनुसार सीआईएल और इसकी सहायक कंपनियों की विभिन्न स्थापनाओं में लगभग 19,486 महिला कर्मचारी कार्यरत हैं। सार्वजनिक क्षेत्र में महिला (डब्ल्यूआईपीएस) मंच की स्थापना दिनांक 12 फरवरी, 1990 को स्टैंडिंग कांफ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज (एससीओपीई) के तत्वाधान में की गई थी। कोल इंडिया में यह 1990 में अस्तित्व में आया। यह मंच सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में महिला सशक्तिकरण के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड में एक यौन उत्पीड़न शिकायत समिति है जिसमें भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार सदस्य हैं। मातृत्व लाभ अधिनियम के अनुसार मातृत्व अवकाश प्रदान करने के अलावा महिला कर्मचारियों को एक अथवा इससे अधिक अवधि में उनके अनुरोध पर 18 वर्ष की आयु तक 2 जीवित बच्चों के लिए 730 दिनों का बाल देख–रेख अवकाश प्रदान किया जाता है।

एससीसीएल

महिला कर्मचारियों की संख्या

दिनांक 31.12.2019 की स्थिति के अनुसार एससीसीएल में महिला कर्मचारियों की संख्या ऑन रोल 47,178 में से 1,298 है।

कल्याण स्कीमः

क) कंपनी के महिला कर्मचारियों के लाभ हेतु मातृत्व लाभ अधिनियम के प्रावधानों का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस अधिनियम के अंतर्गत महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश लाभ देने की स्वीकृति दी जाती है।

ख) सभी क्षेत्रों में, प्रभावी कार्य करने और उनके रोजगार से संबंधित महिला कर्मचारियों की समस्याओं का निवारण करने के लिए महिला कर्मचारियों के साथ महिला प्रकोष्ठों को गठित किया गया है। संबंधित क्षेत्र के महिला प्रकोष्ठ का संयोजक महिला कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण करने के लिए समिति सदस्यों के साथ नियमित रूप से बैठकों का आयोजन करता है।

सेवा (सिंगरेनी कर्मचारी पत्नी संघ)

कर्मचारियों की पत्नी के सशक्तिकरण के लिए, "सेवा" को स्थापित किया गया है। "सेवा" कर्मचारियों की पत्नियों और बेरोजगार युवा

जूट बैग बनाने में सिंगरेनी सेवा समिति द्वारा प्रशिक्षित महिला प्रबंधन की सहायता से स्व–रोजगार यूनिट चलाते हुए

अर्थात् आसपास के स्थानों के पीएपी एवं पीडीएफ को सिलाई एवं कढ़ाई, ब्यूटीशियन, मोटर ड्राइविंग, मैग्गम कार्यों, कम्प्यूटर हार्डवेयर, पेपर कैरी बैग एवं लिफाफे बनाने आदि जैसे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए एकत्रित करके एससीसीएल प्रबंधन की सहायता से उनके गुजारे हेतु स्वेच्छा से संगठित करता है।

एनएलसी इंडिया लिमिटेड:

एनएलसी इंडिया लिमिटेड में 30 नवम्बर, 2019 की स्थिति के अनुसार महिला कर्मचारियों कुल संख्या 976 है जिसमें 331 कार्यपालक हैं। उनकी क्षमता के विकास के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था:

- एक डॉक्टर सहित वरिष्ठ महिला कार्यपालकों की समिति का गठन किया गया था ताकि कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों को यौन उत्पीड़न से बचाया जा सके।
- सेवारत महिला कर्मचारियों के लाभार्थ "अनबालय" नामक शिशुसदन की शुरूआत की गई जिसमें प्रशिक्षित कार्मिक सेवारत हैं।
- डब्ल्यूआईपी के एनएलसी इंडिया लि. चैप्टर ने भी महिला कर्मचारियों के लाभ के लिए कई खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यकलाप, सामूहिक परिचर्चाओं का आयोजन किया है।

महिलाओं के लिए आयोजित किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम:

- महिला कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य एवं आरोग्य।
- महिला कर्मचारियों के लिए स्वस्थ जीवन।
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाना।
- महिला कर्मचारियों के लिए सड़क सुरक्षा।
- महिलाओं के लिए सेफ ड्राइविंग प्रैक्टिस।
- महिलाओं के लिए तनाव प्रबंधन।
- महिलाओं के लिए संधारणीय विकास।
- महिला सशक्तिकरण।
- महिला कर्मचारियों के लिए कार्य–जीवन में संतुलन।